सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 15 अगस्त, 2024

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में स्वल्पाहार कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस स्वल्पाहार कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित मंत्रीगणों, सांसदगणों, विधायकगणों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने देहरादून शहर की विभिन्न उपलब्धियों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक ''मेरा देहरादून'' का विमोचन किया। जिलाधिकारी देहरादून, सोनिका के प्रयासों से निर्मित इस कॉफी टेबल बुक में देहरादून शहर के प्राकृतिक सौंदर्य, प्रसिद्ध विद्यालय, विश्वविद्यालय, प्रसिद्ध कैफे एवं देहरादून शहर की विभिन्न क्षेत्रों में हो रही प्रगति को दर्शाया गया है। साथ ही इस पुस्तक में देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा समय–समय पर विकास के क्षेत्रों में किए जा रहे नवाचारों, जनपयोगी विभिन्न कार्यों का भी समावेश है।

............0..........